pan>

Title : Need to clean river Chambal and develop river front to promote tourism in Kota Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश से होकर चम्बल नदी राजस्थान के कोटा शहर से होकर गुजरती है और कोटा से गुजरने वाली नदी पर राणा प्रताप सागर जैसे बड़े-बड़े बांध बने हुए हैं। यह ऐसी नदी है कि जिसमें 12 महीने पानी रहता है, परंतु कोटा शहर के 24 नाले इस नदी में गिरने के कारण चम्बल नदी का अशुद्धिकरण हो रहा है, चम्बल नदी प्रदूÂि षत हो रही है। वहां की जनता मांग कर रही है कि जिस तरह से केन्द्र सरकार गंगा नदी को शुद्ध करने का बेहतरीन काम कर रही है, उसी तरह से कोटा की चम्बल नदी का शुद्धिकरण करने का व्यापक कार्य शुरू करना चाहिए।

इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि चम्बल नदी में कोटा बैराज के नीचे रिवर फ्रंट को डैवलप करके उस जगह हम पर्यटन का एक बहुत बड़ा केन्द्र बना सकते हैं, उससे हम देश-विदेश के पर्यटकों को वहां आकर्Âिषत कर सकते हैं। इसके अलावा चम्बल नदी से निकलने वाली नहरों के पानी का उपयोग करके जिन इलाकों में अभी असिंचित इलाका है, यदि उन असिंचित इलाकों पर छोटी-छोटी लिफ्ट इरिगेशन योजना बनाकर वहां की जमीनों को सिंचित करने का काम किया जाए तो उससे किसानों को बहुत बड़ा लाभ हो सकता है। धन्यवाद।